**भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में 25 अक्टूबर, 2023 को " हिंदी कार्यशाला " का आयोजन**

भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में “हिंदी कार्यशाला ” का आयोजन 25 अक्टूबर, 2023 को किया गया। “हिंदी कार्यशाला ” का उद्घाटन ब्यूरो के निदेशक डॉ. एस एन. सुशील ने किया। इस अवसर पर ब्यूरो के विभागाध्यक्ष- जननद्रव्य संग्रहण और लक्षणीकरण, डॉ. सुनील जोशी, विभागाध्यक्ष- जीनोमिक संसाधन, डॉ. टी. वेंकटेशन, विभागाध्यक्ष- जननद्रव्य संरक्षण और उपयोगिता, डॉ. के. सुबाहरण, प्रशासनिक अधिकारी, श्री जे. मैथ्यु और वित्त एवं लेखा अधिकारी श्रीमती कुसुमा की गरिमामायी उपस्थिति में परिषद के गीत के साथ हिंदी कार्यशाला की शुरुआत हुई।

ब्यूरो के निदेशक डॉ. एस एन. सुशील ने कार्यशाला के उद्घाटन भाषण में कहा कि ब्यूरो की राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा राजभाषा कार्यों और कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन का महत्वपूर्ण रूप से उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। राजभाषा विभाग , भारत सरकार और परिषद से हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा के माध्यम से सराहनीय और प्रशंसा पत्र ब्यूरो को प्राप्त हो रहे हैं। ब्यूरो में धारा 3(3) का कार्यान्वयन, तिमाही बैठकों का आयोजन, कार्यशालाओं का आयोजन और पत्राचार का राजभाषा विभाग के वार्षिक कार्यक्रम के निर्देशानुसार निरंतर पालन किया जा रहा है , इससे राजभाषा का ब्यूरो में अधिक कार्य हो रहा है जिससे कि ब्यूरो की ही नहीं वरन परिषद के राजभाषा कार्यकलापों की उतरोत्तर वृद्धि हो रही है।

तदोपरांत, ब्यूरो के श्री सतेंद्र कुमार, मुख्य तकनीकी अधिकारी और राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य सचिव ने अनुवाद के सरलतम उपयोग विषय पर अति महत्वपूर्ण जानकारी कार्यशाला में भाग ले रहे ब्यूरो के अधिकारियों और कर्मचारियों को दी। अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद करने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा उपलब्ध कंठस्थ एक मशीन साधित अनुवाद प्रणाली का एक भाग है जिससे अनुवाद की प्रक्रिया में सहायता मिलती है, अतः कार्यालय में राभाषा का कार्य बढ़ाने के लिए हिंदी आई. टी. टूल्स के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की और अनुवादित शब्दों को संस्थान के अनुरूप ही चयन करना चाहिए।

हिंदी कार्यशाला में ब्यूरो के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और सक्रिय रूप से कार्यशाला में भाग लेकर सफल बनाया। प्रतिभागियों को निदेशक महोदय ने पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

इस हिंदी कार्यशाला का संचालन श्री सतेंद्र कुमार , मुख्य तकनीकी अधिकारी ने किया।

## " हिंदी  कार्यशाला " के दौरान लिए कुछ फोटो





























राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में " हिंदी  कार्यशाला " का आयोजन